गिरफ्तारी | 31 आपराधिक मामलों का हिस्ट्रीशीटर निकला, हत्या के प्रयास का मामला

नासिक से दबोचा फायरिंग का मुख्य आरोपी

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। रामपुर बटुरा ओपन कोल माइंस क्षेत्र में संचालित जय अम्बे प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय में देशी कट्टे से फायर कर कर्मचारियों की हत्या का प्रयास करने वाले मुख्य आरोपी श्रीराम विश्वकर्मा को कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा भी बरामद किया गया है। आरोपी पर पूर्व से 31 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, जिससे उसका लंबा आपराधिक इतिहास सामने आया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देशन में थाना प्रभारी अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

कार्यालय में घुसकर की थी फायरिंग

पुलिस के अनुसार 7 जून को दोपहर लगभग 3 बजे जय अम्बे इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के ग्राम खांडा स्थित कार्यालय में टाइमकीपर अमन सिंह क्षत्रीय सहित अन्य कर्मचारी कार्य कर रहे थे। तभी श्रीराम विश्वकर्मा अपने दो साथियों पप्पू विश्वकर्मा और मिथलेश चर्मकार के साथ कार्यालय में घुस आया। विवाद बढ़ने पर श्रीराम विश्वकर्मा ने कमर से देशी कट्टा निकालकर कर्मचारियों पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

सुरक्षा गार्ड ने धक्का देकर हमले को विफल कर दिया था

हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षा गार्ड पारस ने धक्का देकर हमले को विफल कर दिया था, जिससे गोली कार्यालय की फर्श में जा धंसी और बड़ी घटना टल गई। इसके बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में थाना कोतवाली अनूपपुर में बीएनएस की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा

गिरफ्तार आरोपी श्रीराम विश्वकर्मा के विरुद्ध हत्या के प्रयास, मारपीट, बलवा, चोरी, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर अपराधों के 31 आपराधिक प्रकरण अनूपपुर, अमलाई, चचाई और अन्य थाना क्षेत्रों में दर्ज पाए गए हैं। पुलिस द्वारा जारी आपराधिक रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है।

24 घंटे में जिले में 5.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर, नवभारत। जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं। बीते 24 घंटे के दौरान जिले में औसतन 5.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में अमरकंटक क्षेत्र में सबसे अधिक 22 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि कोतमा वर्षामापी केंद्र में वर्षा नहीं हुई।

अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केंद्र अनूपपुर में 4.4 मिमी, बिजुरी में 2.1 मिमी, जैतहरी में 4.4 मिमी, वेंकटनगर में 2.7 मिमी, पुष्पराजगढ़ में 8.4 मिमी, अमरकंटक में 22 मिमी तथा बेनीबारी में 2.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं कोतमा वर्षामापी केंद्र में वर्षा शून्य रही। जिले में हो रही रुक-रुक कर बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का वितरण असमान रहा, जिसमें अमरकंटक में सर्वाधिक वर्षा दर्ज की गई।

गैस कनेक्शन होने के बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा मिड डे मील

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 1 स्थित शासकीय हाई स्कूल में मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) तैयार करने वाली स्व सहायता समूह की महिलाएं आज भी धुएं से भरे माहौल में लकड़ी के चूल्हों पर भोजन बनाने को मजबूर हैं।

विद्यालय में गैस कनेक्शन उपलब्ध होने के बावजूद नियमित रूप से गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण महिलाओं को ईंटों से बने अस्थायी चूल्हों का सहारा लेना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में पिछले कई वर्षों से एक ही स्व सहायता समूह मध्याह्न भोजन योजना का संचालन कर रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के लिए भोजन तैयार किया जाता है, लेकिन गैस सिलेंडर की नियमित व्यवस्था नहीं होने से भोजन लकड़ी के चूल्हों पर पकाया जा रहा है।

धुएं के कारण समूह की महिलाएं हो रहीं बीमार

इससे रसोई में धुआं भर जाता है और भोजन तैयार करने वाली महिलाओं को घंटों तक उसी वातावरण में कार्य करना पड़ता है। धुएं के कारण समूह की महिलाओं को आंखों में जलन, लगातार खांसी और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, समूह में कार्यरत अधिकांश महिलाएं बुजुर्ग हैं, जिनके स्वास्थ्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

शुभारंभ से पहले ही दरकने लगीं स्कूल की दीवारें

निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल सीएम राइज विद्यालय के बच्चों की सुरक्षा खतरे में

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार हो रहे सीएम राइज (सांदीपनि) विद्यालय बदरा के नए भवन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

चिंताजनक बात यह है कि भवन का विधिवत शुभारंभ होने से पहले ही इसकी कई दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी हैं। इससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और जिम्मेदार एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार विद्यालय भवन का निर्माण लगभग दो वर्ष पूर्व शुरू हुआ था और वर्तमान में यह अंतिम चरण में है। ऐसे में उद्घाटन से पहले ही दीवारों में दरारें दिखाई देना भवन की मजबूती और विद्यार्थियों

की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में निर्धारित गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया और निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई। उनका कहना है कि यदि भवन की यह स्थिति शुरुआत में ही सामने आ रही है, तो भविष्य में इसकी संरचनात्मक मजबूती पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराने कराने की मांग की है।

बच्चों की सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़

उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। देखना होगा कि निर्माण गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाती है या नहीं तथा दोषियों के विरुद्ध क्या कदम उठाए जाते हैं।

20 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस लाइन अनूपपुर में आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के पंचम बैच का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस बल एवं विशेष सशस्त्र बल के कुल 20 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। समापन समारोह में अतिरिक्तए पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में पुलिसकर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने अनुशासन, सेवा भावना, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, जल बचाव, संचार व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के प्रति व्यवहारिक दक्षता जैसे विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विशेष अभियान में 3 ट्रक और 1 स्कॉर्पियो जब्त

नशे में स्टेयरिंग थामने वालों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनूपपुर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त अभियान छेड़ दिया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए चालकों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने तीन ट्रक और एक स्कॉर्पियो को जब्त कर संबंधित प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए। जब्त किए गए वाहनों में ट्रक क्रमांक सीजी 10 एजेड 2508, एमपी 20

जेडयू 7854, एमएच 04 जेके 8154 तथा स्कॉर्पियो क्रमांक यूपी 60 क्यू 5901 शामिल हैं।

न्यायालय ने 20,500 का अर्थदंड अधिरोपित किया

प्रकरणों की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने एक ट्रक एवं स्कॉर्पियो के मामले में कुल 20,500 का अर्थदंड अधिरोपित किया, जबकि अन्य दो ट्रकों से जुड़े प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की।

एक नजर में

2.050 किलो गांजा सहित स्कूटी जब्त, 1 गिरफ्तार

अनूपपुर, नवभारत। कोतमा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2.050 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा और तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी जब्त की है। पुलिस के अनुसार 3 जुलाई की रात कोतमा हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान बुढ़ानपुर की ओर से आ रही स्कूटी क्रमांक एमपी 65 जेडबी 5023 का चालक पुलिस चेकिंग देखकर वाहन मोड़कर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अनिल सोनी पिता गौरीशंकर सोनी निवासी पुरानी बस्ती कोतमा बताया। संदेह होने पर स्कूटी की तलाशी ली गई, जिसमें डिक्की से खाकी रंग के दो पैकेट बरामद हुए। जांच करने पर इनमें कुल 2.050 किलोग्राम अवैध गांजा मिला। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

सेग्रीगेशन शेड की छत की शीट ले उड़े चोर

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। जनपद अनूपपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक-1 में बने सेग्रीगेशन शेड को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए उसकी छत पर लगी लोहे की शीटें चोरी कर लीं। घटना से पंचायत की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा है और ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। जानकारी के अनुसार सेग्रीगेशन शेड की छत पर लगी शीटें चोरी होने की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव ने तत्काल पुलिस चौकी फुनगा में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की मांग-इधर ग्रामीणों ने पंचायत की सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में भी ऐसी घटनाएं दोहराई जा सकती हैं। साथ ही उन्होंने चोरी में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर पंचायत को हुए नुकसान की भरपाई कराने की मांग की है।

दिशा समिति की बैठक 10 जुलाई को होगी

अनूपपुर, नवभारत। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 10 जुलाई को अपराह्न 2 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संसदीय क्षेत्र शहडोल की सांसद हिमाद्री सिंह करेंगी। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने बताया कि भारत शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित होने वाली इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रगति तथा लंबित कार्यों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

कांग्रेस का अभियान शुरू, मुख्यमंत्री से मांगा जवाब

भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता से युवा परेशान

कोतमा नवभारत 4 जुलाई। जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा प्रदेशव्यापी जनआंदोलन के तहत 'मुख्यमंत्री जवाब दो' अभियान का शुभारंभ किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान ने कोतमा स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह अभियान युवाओं के भविष्य, किसानों की समस्याओं, उज्जैन भूमि प्रकरण, भ्रष्टाचार तथा जनहित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार से जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

'छात्रों की गूंज' अभियान चलाया जाएगा

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रदेश के लाखों युवा शिक्षा व्यवस्था की अव्यवस्थाओं और भर्ती परीक्षाओं से जुड़ी अनियमितताओं के कारण परेशान हैं। कांग्रेस ने कहा कि छात्रों को न्याय दिलाने और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए प्रदेशभर में 'छात्रों की गूंज' अभियान चलाया जाएगा।

खाद की कालाबाजारी हो रही

किसानों से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कांग्रेस ने कहा कि समय पर डीएपी, यूरिया और अन्य कृषि आदान उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर खाद की कालाबाजारी और ऊंचे दामों की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की है।

भूमि प्रकरण में सार्वजनिक जवाब देने की मांग

विज्ञप्ति में उज्जैन भूमि प्रकरण का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सार्वजनिक रूप से जवाब देने की मांग की गई है। कांग्रेस ने कहा कि यदि सरकार पारदर्शी है तो पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराकर सभी तथ्य जनता के सामने रखे जाएं।

छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय

ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के तहत छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। पुलिस मुख्यालय एवं गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार संचालित ऑपरेशन सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अनूपपुर विक्रांत मुराब के मार्गदर्शन में वेंकटनगर चौकी पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इसी क्रम में 4 जुलाई को वेंकटनगर पुलिस की टीम द्वारा राजा शंकर शाह राजा रघुनाथ शाह सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास वेंकटनगर पहुंचकर छात्रों सहित स्थानीय नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभियान के दौरान छात्रों को को डिजिटल माध्यमों से होने वाले साइबर अपराधों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

यूपीआई पिन या पासवर्ड साझा नहीं करें

वेंकटनगर चौकी प्रभारी प्रवीण साहू ने छात्रों को समझाया कि वर्तमान समय में साइबर ठग फर्जी फोन कॉल, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर कॉल, डिजिटल अरेस्ट, निवेश के नाम पर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन शॉपिंग फ्रॉड तथा यूपीआई धोखाधड़ी जैसे विभिन्न तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। उन्होंने सलाह दी कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन या पासवर्ड किसी भी स्थिति में साझा नहीं करें।

कुछ ही महीनों में दम तोड़ने लगीं डेकोरेटिव लाइटें

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। वार्ड क्रमांक 1 स्थित हनुमान मंदिर के सामने सड़क के सौंदर्यीकरण के तहत लगाई गई डेकोरेटिव लाइटें कुछ ही महीनों में खराब होने लगी हैं। सड़क के एक ओर लगी कई लाइटें पूरी तरह बंद हो चुकी हैं, जबकि दूसरी ओर की कई लाइटें भी सही ढंग से प्रकाश नहीं दे रही हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर बिजली के खंभे टेढ़े हो गए हैं, सजावटी लाइटों के झूले झुक गए हैं तथा पोलों से तार खुले होने के कारण सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों और मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया गया होता और संबंधित विभाग द्वारा नियमित निगरानी की जाती, तो इतनी कम अवधि में यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों का आरोप है कि कार्य करने वाले ठेकेदार ने गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया।

जेसीबी की खुदाई में केबल क्षतिग्रस्त हो गई थी

गौरतलब है कि इससे पहले अमलाई बापू चौक से हनुमान मंदिर तक स्ट्रीट लाइटों की केबल पाइपलाइन बिछाने के दौरान जेसीबी की खुदाई में केबल क्षतिग्रस्त हो गई थी।

सफलता | जच्चा और जुड़वा शिशु स्वस्थ, डॉक्टरों ने किया सफल सिजेरियन ऑपरेशन

उच्च जोखिम गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव

अनूपपुर, नवभारत 4 जुलाई। जिला चिकित्सालय अनूपपुर की मेटरनिटी विंग ने एक उच्च जोखिम (हाई रिस्क) गर्भावस्था का सफलतापूर्वक प्रबंधन करते हुए जच्चा और जुड़वा शिशुओं का सुरक्षित प्रसव कराकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

इस सफलता ने गुणवत्तापूर्ण मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में जिला चिकित्सालय की प्रतिबद्धता को एक बार फिर प्रमाणित किया है। जानकारी के अनुसार विकासखंड जैतहरी के ग्राम चोरभटी निवासी गर्भवती महिला को 3 जुलाई को सुबह लगभग 11.30 बजे प्रसव पीड़ा

होने पर जिला चिकित्सालय की मेटरनिटी विंग में भर्ती कराया गया।

गर्भावस्था छह वर्ष के लंबे अंतराल के बाद हुई थी

चिकित्सकों द्वारा आवश्यक जांच किए जाने पर पता चला कि महिला के गर्भ में जुड़वा शिशु हैं। साथ ही यह गर्भावस्था छह वर्ष के लंबे अंतराल के बाद हुई थी, जिसके कारण इसे अत्यंत बहुमूल्य एवं उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था माना गया। महिला एवं शिशुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए चिकित्सकीय टीम ने समय पर सिजेरियन ऑपरेशन कर सफल प्रसव कराया।

कलेक्टर ने मेटरनिटी टीम को दी बधाई

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर अर्चना कुमारी ने जिला चिकित्सालय की मेटरनिटी टीम को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर आमजन का विश्वास लगातार मजबूत किया जा रहा है।

डॉक्टरों की टीम की रही महत्वपूर्ण भूमिका

प्रसव के बाद मां एवं दोनों नवजात पूर्णत: स्वस्थ हैं। जन्मे शिशुओं में एक पुत्र का वजन 2.335 किलोग्राम तथा एक पुत्री का वजन 2.310 किलोग्राम दर्ज किया गया। इस सफल प्रसव में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सोशन खेश, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. उषा किरण समेले, डॉ. गायत्री तथा ऑपरेशन थिएटर की पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सरस्वती शिशु मंदिर में तिलक वंदन से छात्रों का स्वागत

नवभारत, जबलपुर। विजय नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साहपूर्वक हुई। नए सत्र के पहले दिन विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल था, जहाँ विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अभिनंदन से बच्चों के चेहरों पर मुस्कान और नई कक्षा में प्रवेश का उत्साह साफ दिख रहा था। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत परंपरा अनुसार मां सरस्वती के पूजन और वंदना से हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन और आचार्य परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनने, कड़ा परिश्रम करने और जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।